# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 08.07.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08.07.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता, परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई व जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) एवं टी0पी0आई0 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन उपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा डेटा का विश्लेषण करते हुए निर्देशित किया गया कि जनपद में काफी ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जहां से आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल जीवन मिशन से संबंधित जन शिकायतें 50 से अधिक दर्ज हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि वह प्रति सप्ताह अपने–अपने क्षेत्र में तीन–तीन ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर जन समस्याओं का निस्तारण करते रहे तथा कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लि. को भी निर्देशित किया गया कि वह जनपद के समस्त पंप ऑपरेटर को निर्देशित करें कि अपनी–अपनी योजनाओं में सम्मिलित राजस्व ग्रामों का भ्रमण कर जन समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करें तथा जो जनसमस्या मौके पर निस्तारण योग्य न हो उसे अपने अधिकारी को तत्काल दूरभाष पर अवगत करायें। समस्त शिकायतों को शिकायत पंजिका में भी दर्ज करते रहें जिससे आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायतों की संख्या में कमी परिलक्षित हो सके।

   **(कार्यवाही– सहायक/अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक में प्रस्तुत जल जीवन मिशन की प्रगति विवरण पत्र के अवलोकन से यह भी ज्ञात हुआ कि जनपद हरदोई में रोड रेस्टोरेशन का कार्य यद्यपि संतोषजनक है फिर भी जिलाधिकारी महोयद द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लि. के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वे अवशेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करें तथा रोड रेस्टोरेशन के कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

   **(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

3. दिनांक 05.07.2025 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा विकास खंड कछौना की ग्राम पंचायत कमालपुर में संचालित जल जीवन मिशन योजना का भौतिक निरीक्षण किया गया निर्माण कार्य एवं साफ सफाई संतोषजनक पाया गया परंतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा जब सीढ़ी से चढ़कर पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि सीढ़ी पर दरवाजा नहीं लगा है जिससे किसी भी समय ग्रामवासी द्वारा सीढ़ी के माध्यम से पानी की टंकी पर चढ़ा जा सकता है जिससे कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। जिलाधिकारी महोयद द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लि. के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि

वे जनपद की समस्त योजनाओं में पानी की टंकी पर चढ़ने हेतु निर्मित सीढ़ी पर दरवाजा अवश्य लगाकर ताला बंद करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

4. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत प्रगति विवरण पत्र के अवलोकन से ज्ञात हुआ की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. को आवंटित द्वितीय फेज के कुल 397 राजस्व ग्राम तृतीय फेज के कुल 1468 राजस्व ग्राम हैं इस प्रकार जनपद में कुल 1865 राजस्व ग्राम आवंटित हैं जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 686 राजस्व ग्रामों को ही हर घर जल प्रमाणित किया गया है। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लि. के परियोजना प्रबधंक को निर्देशित किया गया कि वे आगामी बैठक तक द्वितीय फेज के समस्त ग्राम पंचायतों को हर घर जल प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि जनपद में अभी तक किसी भी ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों से जल उपयोग शुल्क नहीं वसूला जा रहा है। बैठक में उपस्थित जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई व आई. एस.ए. / आई.ई.सी. कोऑर्डिनेटर जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक तक कम से कम पांच ग्राम पंचायतों से जल शुल्क ग्रामवासियों से वसूल कर निर्धारित खाते में जमा करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– जिला समन्वयक, आई.एस.ए. / आई.ई.सी. कोआर्डिनेटर जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, हरदोई।)**

**(नवनीत सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता /
सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।

**पत्रांक : 15021 / का–70 / 472 दिनांकः 05 / 08 / 2025**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. जिला समन्वयक, आई.एस.ए. / आई.ई.सी. कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, हरदोई को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

04/8/2025

अधिशासी अभियन्ता /
सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन